


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, मंगलवार, 23 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 251 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# कई बड़े चेहरे होंगे बेनकाब!

## राम मंदिर चढ़ावा की रिपोर्ट SIT ने सौंपी सरकार को



**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का सीईओ नियुक्त करने का भी सुझाव है। डिटेल जांच के लिए एसआईटी ने और समय मांगा है। रिपोर्ट गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी गई है। टीम ने बताया कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं। ट्रस्ट के पदाधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजेगी।

**● बीस पेज की रिपोर्ट में एफआईआर और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश**

इसके बाद गृह मंत्रालय तय करेगा कि ट्रस्ट के किन सदस्यों को रखा जाए या हटाया जाए। राम मंदिर चोरी मामले में 5 आरोपियों लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर उर्फ टिन्नू की निशानदेही पर 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हो चुकी है। इसके अलावा, चंपत राय के करीबी टिन्नू के घर से सोना मिला था। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक, चोरी 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है। दिल्ली के पूर्व ण्श अरविंद केजरीवाल ने कहा- राम मंदिर से करोड़ों का चंदा चोरी हो गया। राम भक्तों में बहुत गुस्सा है और मन में कई सवाल हैं। आज मैं सरकार से पहला सवाल पूछ रहा हूं। पूरे राम मंदिर का कंट्रोल चंपत राय के हाथ में है। सबसे ज्यादा आरोप चंपत राय पर ही लग रहे हैं। उसे अब तक हटाया क्यों नहीं गया? क्या इस बात का डर है कि अगर चंपत राय ने मुंह खोला, तो कई बड़े चेहरे बेनकाब हो जाएंगे?

### कीमती धातुओं की 1250 शिलाएं गायब

धर्मसेना के संस्थापक संतोष दुबे का दावा है कि 1989 में गांव-गांव, शहर-शहर और देश-विदेश से पूजित होकर अयोध्या आईं सोने-चांदी, हीरे-माणिक्य और अष्टधातु की 1250 शिलाएं अब 'गायब' हो चुकी हैं। ये शिलाएं 2002 तक कारसेवकपुरम में रहीं। मुताबिक, सोने-चांदी की शिलाओं की देख-रेख का जिम्मा भी ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के पास था।

### आंध्र प्रदेश में दक्षिण एनर्जी के प्लांट में लगी आग, 2 की मौत, कई फंसे

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले जिले में एक यूनिट में मंगलवार सुबह भीषण आग लग गई। आग दक्षिण एनर्जी की यूनिट में लगी। इसमें दो कर्मचारियों की जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य के प्लांट में फंसे होने की आशंका है। मृतकों की पहचान त्रिनाथ और वेंकटेश के रूप में हुई है। दोनों ही अनाकापल्ले जिले के अच्युतापुरम के रहने वाले थे। आग कैसे लगी इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद कई कर्मचारी यूनिट से बाहर निकलने में सफल रहे। दक्षिण एनर्जी प्लास्टिक पायरोलिसिस ऑयल और कार्बन ब्लैक बनाती है।

### नोएडा लेबर कैंप में फटे 3 सिलेंडर बच गयी 60 मजदूरों की जिन्दगी

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे एक दो मंजिला लेबर कैम्प में खाना बनाते समय गैस लीकेज से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते तीन गैस सिलिंडर फट गए। इससे आसमान में घना काला धुआं छा गया और पूरा इलाका दहशत में आ गया। कैम्प में उस समय करीब 60 मजदूर मौजूद थे। आग लगते ही सभी कामगार चीखते-चिल्लाते हुए बाहर निकल आए। किसी की जान को कोई खतरा नहीं हुआ।


### चौथे दिन भी जंतर-मंतर पर डटे कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थक

**नई दिल्ली।** शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना मंगलवार को चौथे दिन भी जारी है। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में छात्र, युवा और सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। वहीं, दीपके ने आरोप लगाया कि धरना स्थल पर आने वाले लोगों से आधार कार्ड और पैन कार्ड मांगे जा रहे हैं, जबकि वे केवल प्रदर्शन में शामिल होने, भोजन या पानी पहुंचाने जैसे कार्यों के लिए वहां पहुंच रहे हैं।

### टेलीग्राम बहाल, बैन हटते ही प्लेस्टोर पर वापसी

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से निर्धारित समयसीमा पूरी होने के बाद 22 जून की आधी रात को गूगल ने टेलीग्राम को बहाल कर दिया। कुछ मौजूदा यूजर्स के लिए प्लेटफॉर्म पहले से ही सीमित रूप से उपलब्ध था, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसे मंगलवार सुबह फिर से एक्सेस किया जा सका। हालांकि एपल एप स्टोर पर सुबह लगभग 10 बजे तक डीलिस्ट रहा। इस संबंध में एपल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। सरकार ने 16 जून 2026 को टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से बैन लगा दिया था। यह फैसला नीट परीक्षा से जुड़े फर्जी प्रश्नपत्रों, भ्रामक सूचनाओं और परीक्षा प्रक्रिया को प्रभावित करने वाली कथित धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकने में विफल रहने के बाद लिया था।

### दिल्ली में मासूम का अपहरण दुष्कर्म के बाद हत्या से रोष



**नई दिल्ली।** दिल्ली के छतरपुर एक्सटेंशन से एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और फिर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी गई। आरोपी ने बच्ची के शव को फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर जंगल में फेंक दिया। इस जघन्य अपराध ने पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल बना दिया है। घटना के 6 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, सोमवार 22 जून की सुबह करीब पांच बजे जब बच्ची अपने परिवार के साथ फुटपाथ पर सो रही थी, तभी आरोपी ने उसका अपहरण कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसने बच्ची का शव फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर फेंक दिया है।

### सामूहिक दुष्कर्म में दो दोषियों को आजीवन कारावास और जुर्माना

मैनपुरी। औंछा क्षेत्र में छह साल पहले अगवा कर दिल्ली ले जाकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दो दोषियों को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट के न्यायाधीश ने दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। औंछा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी 15 जनवरी 2021 को खेत पर गई थी। तभी एटा जिले के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव हरिसारी निवासी आकाश, गुड्डू और हरिओम निवासी गांव कठेंगरा औंछा उसे अगवा कर दिल्ली ले गए। जहां आरोपितों ने किशोरी से बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

### जॉर्ज कुरियन का कार्यकाल पूरा इस्तीफा मंजूर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। उनका छह साल का राज्यसभा कार्यकाल पूरा हो गया था। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान में कहा, 'भारत के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री की सलाह पर जॉर्ज कुरियन का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। कहा जाता है कि केरल विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें दोबारा नॉमिनेट नहीं किया गया।

### तेज प्रताप यादव के घर लाखों की चोरी

**पटना।** राजद सुप्रीमो के बड़े बेटे और जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव के पटना स्थिति आवास में चोरी हो गई। 20 लाख नकद, 2 तोले की सोने की चेन, सोने की एक अंगूठी, आईपैड, मैकबुक, लैपटॉप, आईफोन चोरी का मामला बताया जा रहा है। तेज प्रताप ने सचिवालय थाने में अपने वैशाली निवासी निजी सहायक मोतीलाल राय को आरोपित किया है। तेज प्रताप ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके दो आदमियों ने आरोपी को घर से सामान लेकर भागते हुए देखा है।

## लखनऊ अग्निकांड पर सीएम सख्त



**लखनऊ।** अलीगंज कोचिंग अग्निकांड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। सीएम योगी ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) की कार्रवाई रिपोर्ट के साथ उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को आज बजे तलब किया है। मुख्यमंत्री ने 1 जनवरी से लेकर अब तक शहर के सभी सात जोनों में जारी किए गए सील नोटिसों की कुल संख्या, उन पर जमीनी स्तर पर हुए अमल और ध्वस्तीकरण (बुलडोजर एक्शन) की पूरी डिटेल मांगी है। बता दें कि सोमवार को अलीगंज के एक कोचिंग संस्थान में लगी भीषण आग ने 15 मासूम छात्रों की जान ले ली। अवैध इमारत में कोचिंग के साथ-साथ एक पेट शॉप, क्लीनिक और एनिमेशन सेंटर भी संचालित हो रहा था।

### लखनऊ हादसे पर डिंपल यादव का सरकार पर तीखा हमला



**इटावा।** सैफई पहुंचीं मैनपुरी सांसद डिंपल यादव ने लखनऊ में हुए अग्निकांड को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करने वाली घटना है। सरकार को यह बताना चाहिए कि आग लगने के बाद राहत एवं बचाव संसाधन समय पर मौके तक क्यों नहीं पहुंच सके। हादसे की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवारों को अधिकतम आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सैफई स्थित नेताजी मुलायम सिंह यादव स्मृति स्थल के निकट स्थापित हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारे में शामिल होने पहुंचीं डिंपल यादव ने लखनऊ अग्निकांड पर सरकार को घेरा।

## उत्तर प्रदेश सहित 15 जिलों में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट



**● बादलों की गर्जना के बीच कड़केगी बिजली**

**नई दिल्ली।** 15 दिन से छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका मानसून अब आगे बढ़ चुका है। 23 जून से 5 जुलाई के बीच इसके मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान तक पहुंचने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को देश कई कई राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसमें बिहार से लेकर बंगाल व नॉर्थ ईस्ट और जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक भयंकर आंधी-तूफान के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 25 जून तक कुछ जगहों पर बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गंगा के मैदानी इलाकों वाला पश्चिम बंगाल, गुजरात, तमिलनाडु, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं।

### चोट के कारण ऑल राउण्डर नीतीश रेड्डी आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे से बाहर

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विरुद्ध वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करने वाली भारतीय टीम को तगड़ा झटका लगा है। हार्दिक पांड्या के बाद भारत के दूसरे मुख्य तेज गेंदबाज ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी भी क्वाड्रिसेप्स इंजरी के कारण आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम मंगलवार-बुधवार को आयरलैंड के लिए निकलेगी, जहां दोनों देशों के बीच दो मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद टीम इंग्लैंड में तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। नीतीश का नाम तीनों टीमों में था और हार्दिक की अनुपस्थिति में उनका अधिकतर मैचों में खेलना तय था। आयरलैंड के विरुद्ध भारतीय टीम पहली बार नए टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में मैदान पर उतरेगी। कप्तान बनने के बाद यह अय्यर की पहली टी-20 सीरीज होगी। ऐसे में इसे उनकी कप्तानी की पहली बड़ी परीक्षा माना जा रहा है। इस दौरे के लिए भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को, जबकि कोच बुधवार को रवाना हो सकते हैं। श्रेयस को ऐसे समय में टीम की कमान सौंपी गई है जब भारत हाल के वर्षों में टी-20 क्रिकेट में बेहद सफल रहा है।

**● श्रेयस अय्यर के कप्तानी की बड़ी परीक्षा**



जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 44.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 23 जून, मंगलवार, 2026 (3)







# स्कार्पियो ने बाईक को मारी टक्कर

## सवार की मौके पर मौत, घटना के बाद भाग निकला चालक





● हादसे के बाद टूटकर गिरी स्कार्पियो की नंबर प्लेट से पहचाना जाएगा आरोपी

**वाराणसी।** चोलापुर जिले के कटहरगंज चौराहे के पास आज सुबह एक सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित घटनास्थल से फरार हो गया। मृतक की पहचान काशीनाथ यादव 53 वर्ष निवासी महदेवा, उधोरामपुर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, काशी नाथ अपनी स्पलेंडर बाइक से उधोरमंनपुर से वाराणसी स्थित अपने आवास जा रहे थे। सुबह करीब 4:30 से 5:00 बजे के बीच कटहरगंज चौराहे के पास सामने से आ रही एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि काशी नाथ यादव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद चालक बिना रुके वाहन सहित फरार हो गया। हालांकि, टक्कर के दौरान स्कॉर्पियो की नंबर प्लेट मौके पर ही टूटकर गिर गई, जिससे वाहन की पहचान सुनिश्चित हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहु-ंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से बरामद नंबर प्लेट के आधार पर वाहन मालिक और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।






## सावन के पहले सोमवार को 40 हजार से ज्यादा यादव बंधु करेंगे जलाभिषेक

● 3 अगस्त को केदारघाट से जल लेकर निकलेगा जत्था

**वाराणसी।** सावन माह के पहले सोमवार को यादव बंधुओं की पा-रंपरिक जलाभिषेक यात्रा इस वर्ष भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी। चंद्रवंशी गोप सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाली यह 94वीं जलाभिषेक यात्रा तीन अगस्त को श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर सहित नगर के प्रमुख शिवालयों और देवालयों में पहुंचेगी। यात्रा में 40 हजार से अधिक यादव बंधुओं के शामिल होने की संभावना जताई गई है। यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को पांडेयपुर-खजूरी स्थित एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राधे कृष्ण संजय यादव ने की। समिति के अध्यक्ष लालजी चंद्रवंशी ने बताया कि यह जलाभिषेक यात्रा वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा का हिस्सा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। परंपरा के अनुसार यात्रा की शुरुआत सुबह सात बजे केदारघाट पर गंगा स्नान के साथ होगी। इसके बाद श्रद्धालु गंगाजल लेकर सबसे पहले गौरी केदारेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद श्रद्धालु तिलभांडेश्वर महादेव, बड़ी शीतला मंदिर, आल्हादेश्वर महादेव, महामृत्युंजय महादेव, ओंकारेश्वर महादेव सहित नगर के विभिन्न प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।

## गंगा में नाव पर पार्टी, बीयर के साथ नॉनवेज पकाने-खाने का वीडियो वायरल

● पांच नाविक गिरफ्तार, पांच साल की सज़ा का प्राविधान, नाव सीज

● आरोपियों में एक नामित भाजपा पार्षद का साढ़ू



**वाराणसी।** काशी में गंगा नदी में नाव पर नॉनवेज और बीयर-शराब पार्टी करने का मामला सामने आया है। वीडियो में 5 नाविक नाव में बैठे हैं। वह नाव में चिकन बना रहे हैं। साथ शराब और बीयर पी रहे हैं। पीने के बाद वह नॉनवेज परोस रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर होने के बाद दशाश्वमेध चौकी प्रभारी ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 196 और धारा 299 के तहत केस दर्ज कर 5 नाविकों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही नाव को सीज कर दिया है। मंगलवार को पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसमें 5 साल तक की सजा हो सकती है। मामला दशाश्वमेध थाना क्षेत्र का है। वीडियो में शामिल युवकों के नाम छेदी लाल, दीपक, मखनचु, प्रदीप और बबलू बताए जा रहे हैं। वीडियो बनाने वाले युवक ने स्पष्ट रूप से इन नामों का जिक्र किया है। वायरल क्लिप में बबलू साहनी बर्तन में चिकन पकाते हुए दिख रहे हैं। सोशल मीडिया यूजर्स का दावा है कि बबलू साहनी, भाजपा के नामित पार्षद सत्यनारायण साह-नी उर्फ तन्ना का सगा साढ़ू है। ये सभी आरोपी रामनगर और शहर के रहने वाले हैं। साथ ही नाव को सीज कर दिया गया है।

## लखनऊ अग्निकांड से सबक वाराणसी में कोचिंगों की पड़ताल

● सुरक्षा उपकरणों में मिली खामियां, जारी की गयी नोटिस

**वाराणसी।** लखनऊ स्थित कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन विभाग के अफसर अपनी टीम के साथ कोचिंग सेंटर देखने पहुंचे। नौ कोचिंग सेंटर के भवनों में 5 में कमियां मिली। अधकारियों ने कहा कि सभी को नोटिस दिया जाएगा। दुर्गाकुंड क्षेत्र में जेआरएस, एलवन, एलेन कोचिंग सेंटर, मकबूल आलम रोड में आकाश कोचिंग, माइक्रोटिक कोचिंग, जेबीकेबी कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया गया। माइक्रोटेक कोचिंग में स्मोक डिटेक्टर क्रियाशील दशा में नहीं मिला। वहीं, जेबीकेबी कोचिंग सेंटर में केवल अग्निशमन यंत्र लगा मिला। फायर स्टेशन पिंडरा क्षेत्र में शिव प्रभा भवन, शगुनहा, बाबतपुर, इसरो सेल स्टडी सेंटर, बाबतपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एजुकेशन, बाबतपुर का निरीक्षण किया गया। लंका के कबीरनगर में चलने वाले कोचिंगों पर लगे अग्निशमन यंत्रों की जांच करने के साथ ही आग लगने पर बुझाने के लिए जरूरी फायर सिस्टम की व्यवस्थाओं को भी परखा।

## बीएचयू अस्पताल को मिलेंगे नये मेडिकल सुपरिंटेंडेंट



**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के चिकित्सा विज्ञान संस्थान स्थित सर सुंदरलाल अस्पताल में मेडिकल सुपरिंटेंडेंट की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को 14 डॉक्टरों की सूची जारी कर दी गई। इन सभी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 8 जुलाई को होगा, जिसके बाद अस्पताल को नया मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि बीएचयू प्रशासन ने जनवरी में रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। रजिस्ट्रार और परीक्षा नियंत्रक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है, जब-ाकि मेडिकल सुपरिंटेंडेंट पद का मामला पिछले करीब छह माह से लंबित था। जानकारी के अनुसार, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट पद के लिए कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए थे। जांच और मूल्यांकन के बाद 14 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चुना गया, जबकि तीन आवेदकों के नाम शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया में बाहर कर दिए गए।

# युवा ताइक्वांडो प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का सम्मान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिला ताइक्वांडो संघ वाराणसी द्वारा प्रथम युवा ताइक्वांडो प्रतियोगिता और वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल बाबतपुर के प्रांगण में किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण से सेवानिवृत्त उप महानिदेशक संजय सरस्वत द्वारा कृष्णा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अश्वनी सिंह को वर्ष 2024 25 और वर्ष 2025-26 के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार व 22000 की सम्-मान धनराशि दी गई। वही शिवांशु पटेल को वर्ष 2025 26 के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए सम्मानित किया गया तथा इन दोनों के प्रशिक्षक चंद्रभान पटेल को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षक का पुरस्कार 22000 रुपए सम्मान राशि दी गई। उत्कृष्ट ताइक्वांडो योगदान हेतु अन्य प्रशिक्षकों में दीपशिखा सिंह स्नेहलता जायसवाल रजत मिश्रा वंशिका सेठ साधना देवी दीक्षा पटेल व श्रद्धा दीक्षित को भी स्मृति चिन्ह और प्रत्येक को 5100 की सम्मान राशि दी गई। प्रतियोगिता में कुल 117 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

# कभी भी टूट सकती है गंज शहीदा मस्जिद

● नोटिस में दी गयी समयावधि समाप्त, रेलवे प्रशासन की कार्रवाई को लेकर चटका अटकलों का बाजार



**वाराणसी।** काशी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और विस्तार परियोजना के तहत स्टेशन परिसर के बाहर स्थित गंज शहीदा मस्जिद पर रेलवे प्रशासन द्वारा चस्पा किए गए नोटिस को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। नोटिस में दी गई समयावधि पूरी होने के बाद अब लोगों की नजरें रेलवे और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। सोमवार को इस मामले में गतिविधियां बढ़ने की संभावना को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। रविवार को मस्जिद में नियमित रूप से नमाज अदा की गई। नमाज के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, लेकिन मस्जिद हटाने के मुद्दे पर किसी ने सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। नमाज समाप्त होने के बाद लोग शांतिपूर्वक अपने-अपने घरों को रवाना हो गए। इस दौरान मस्जिद के मुख्य द्वार पर रेलवे प्रशासन की ओर से चस्पा की गई नोटिस के साथ इंतजामिया मसाजिद कमेटी की आपत्ति संबंधी नोटिस भी लगी रही। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मस्जिद कमेटी के पदाधिकारी भी खुलकर कुछ बोलने से बचते नजर आए। हालांकि क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर लोगों के बीच चर्चा का माहौल बना रहा।

## बरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस रेल इंजन कारखाना राजभाषा विभाग के तत्वावधान में सोमवार को बरेका राजभाषा कार्यान्वठयन समिति (बराकास) की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आशुतोष पंत, महाप्रबंधक, बरेका ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बरेका एक ओर दुनिया की आधुनिकतम तकनीक के साथ कदम से कदम मिला कर चल रहा है, तो दूसरी ओर तकनीकी क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए राजभाषा हिंदी में मौलिक चिंतन एवं लेखन करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी तकनीकी विषयों पर बोलचाल की भाषा में पुस्तक लिखें। तकनीकी ज्ञान का आम जनता में प्रसार हिंदी के माध्य म से ही संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अनुवाद पर निर्भरता कम कर हिंदी में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से संबंधित हिंदी की प्रगति रपट पर चर्चा की गई एवं अपने विचार प्रस्तुत किए गये।

# संचारी रोगों की रोकथाम को जुलाई भर चलेगा अभियान

● वाराणसी के लिए जिला टास्क फोर्स ने बनाई कार्ययोजना

● घर-घर जाकर जागरूक करेंगी आशाएं व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जनपद में संचारी रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया आदि मच्छर जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण और कार्रवाई के लिए 01 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफलतापूर्वक संचालन के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, सीएमओ डॉ मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग व विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से डेंगू, मलेरिया, टीबी, फाइलेरिया आदि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए यह अभियान पूरे जुलाई माह संचालित किया जाएगा। समस्त विभागों के सामंजस्य से ही इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सकता है। डेंगू की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सहित समस्त सहयोगी विभागों को ठोस कदम उठाने होंगे। उन्होंने पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय से साफ-सफाई का कार्य, लार्वी साइडल स्प्रे, फॉगिंग, खराब इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प की मरम्मत एवं उथले हैण्डपम्पों के चिन्हीकरण, नालियों एवं तालाबों की साफ-सफाई एवं मार्गों के खरपतवार/झाड़ियों की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जाए। उन्होंने ने निर्देशित किया कि हाई रिस्क वाले गांव व नगर क्षेत्र की विशेष निगरानी की जाए जिससे वेक्टर घनत्व नियंत्रित किया जा सके।

## बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की गहन समीक्षा

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, जिला शिक्षा परियोजना समिति एवं जिला शिक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र नामांकन, आधारभूत सुविधाओं एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जनमुख
परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल
ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय
मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.

फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### पिकअप की टक्कर से व्यापारी की मौत, टहलते समय हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम





**सोनभद्र।** जिले की बभनी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से व्यापारी गिरवर प्रसाद (47 वर्ष) की मौत हो गयी। हादसे के बाद परिवार में कोहरा मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। और दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार बभनी निवासी व्यापारी गिरवर प्रसाद पुत्र विरझू प्रसाद मंगलवार की सुबह करीब 4.45 बजे रोज की तरह टहलने निकले थे। बभनी-अंबिकापुर मार्ग पर बीआरसी के समीप रेणुकूट की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने घायल गिरवर प्रसाद को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मृतक की दो बेटियां और एक बेटा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेज दिया। पुलिस दुर्घटना में शामिल पिकअप वाहन की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक डीपी यादव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सुल्तानपुर समाचार

### एंबुलेंस की टक्कर से युवक की मौत

**धम्मौर।** सुल्तानपुर-रायबरेली हाईवे पर सोमवार सुबह हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। धम्मौर गांव निवासी आशीष (25) सुबह करीब साढ़े छह बजे पैदल नित्यक्रिया के लिए निकले थे। उसी दौरान रायबरेली की ओर से आ रही एंबुलेंस से उन्हें टक्कर लग गई।

दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को पकड़ लिया और उसी से घायल आशीष को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

आशीष अविवाहित थे। मजदूरी कर वह परिवार का भरण-पोषण करते थे। प्रभारी निरीक्षक विपेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जौनपुर समाचार

### इंजेक्शन लगते ही पांच साल के मासूम की बिगड़ी हालत, जौनपुर ले जाते समय हुई मौत



**जौनपुर।** जिले में छतरीपुर गांव निवासी सतीश विश्वकर्मा के पांच वर्षीय पुत्र ओम विश्वकर्मा को तेज बुखार होने पर परिजन सोमवार रात करीब 11 बजे पराऊगंज बाजार स्थित शिवम क्लिनिक लेकर पहुंचे। आरोप है कि क्लिनिक में बच्चे को इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों के अनुसार, बच्चे की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे कहीं और ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए जौनपुर लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही मासूम की मौत हो गई। बच्चे की मौत से आक्रोशित परिजन और ग्रामीण वापस पराऊगंज पहुंचे और चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान जलालपुर थाना गद्दी-केराकत मार्ग लगभग 15 मिनट तक बाधित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। थानाध्यक्ष प्रशांत सिंह ने बताया कि बच्चे की मौत के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था, जिसे हटवा दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## देवरिया समाचार

### करेंट लगने से किशोरी की मौत तिलक की खुशियां मातम में बदली

**सलेमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मधवापुर गांव में सोमवार की रात तिलक समारोह में हादसा हो गया। जनरेटर के तार की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। वहीं तिलक समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार, मधवापुर गांव निवासी राजेश पांडेय के पुत्र का तिलक समारोह था। खुखुंदू क्षेत्र के श्रीकांत महुई गांव से तिलक आया था। मेहमानों के स्वागत-सत्कार के साथ भोजन का कार्यक्रम चल रहा था। रात करीब नौ बजे राजेश पांडेय की पटीदारी की मोनी पांडेय जनरेटर के तार की चपेट में आ गई। वह गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने उसे तार से अलग किया और सीएचसी सलेमपुर लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## भदोही समाचार

### नल से पानी भर रही महिला सांड़ के हमले से मौत



**सुरियावां।** कोतवाली क्षेत्र के उधवपुर पाली गांव में सोमवार को सांड़ के हमले से सुदामा देवी (59) की मौत हो गई। वहीं वृद्ध सभाशंकर पाठक (78) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय सुदामा देवी घर के पास लगे नल से पानी भर रही थी। वृद्ध का उपचार गांव के एक निजी अस्पताल में कराया गया। गांव निवासी सुरेश ने बताया कि सुबह नौ बजे के आसपास एक सांड़ घूमते हुए पहुंचा। सांड़ ने सबसे पहले गांव में टहल रहे वृद्ध सभाशंकर पाठक पर हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिवार के लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। इस बीच गांव निवासी सुदामा देवी अपने घर के पास टोटी वाले नलकूप से पानी भर रही थी। इतने में सांड़ ने उनपर पीछे से हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गई। उनकी चीख सुनकर पास में मौजूद एक युवक दौड़ते हुए पहुंचा और किसी तरह से सांड़ को दूर भगाया। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उनका उपचार चल ही रहा था कि इस बीच उनकी मौत हो गई। सुदामा देवी को दो लड़की और एक लड़का है। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही रामपुर घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।

## बलिया समाचार

### ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**मझौवां।** हल्दी थाना क्षेत्र के हुकुम छपरा गंगा घाट स्थित काली मंदिर के पास सोमवार सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक विश्वनाथ यादव (55) की मौत हो गई।

रेवती नगर पंचायत के वार्ड संख्या-3 निवासी विश्वनाथ यादव (55) रेवती स्थित भट्ठे से ट्रैक्टर पर ईंट लादकर हुकुम छपरा की ओर जा रहे थे।

राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से उत्तर दिशा की ओर नीचे उतरते समय ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया।

हादसे में चालक विश्वनाथ यादव ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जिससे मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची।

थाना प्रभारी राजू राय ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गोरखपुर समाचार

### बड़े भाई, भाभी और भतीजे का क्रूरता से कत्ल, नाबालिग कातिल ने आधी रात मचाया कत्लेआम



**गोरखपुर।** गोरखपुर के बांसगांव थाना इलाके में रविवार देर रात हुई एक भयावह घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक 16 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर अपने बड़े भाई, भाभी और तीन वर्षीय भतीजे की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी। इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित कई आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान अमित गुप्ता, उनकी पत्नी रंजना गुप्ता और उनके तीन वर्षीय पुत्र रेयान गुप्ता के रूप में हुई है। तीनों रविवार की रात घर के एक कमरे में सो रहे थे, तभी आरोपी छोटे भाई ने सोते समय उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

इस क्रूर वारदात में तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के पिता ने तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी 16 वर्षीय किशोर को भी हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार भी उसके पास से बरामद कर लिया गया है। एसपी दक्षिणी दिनेश पुरी ने बताया कि रविवार देर रात करीब तीन बजे एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी ने सोते समय वारदात को अंजाम दिया।

घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात कही जा रही है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की इस निर्मम हत्या से पूरे गांव में मातम का माहौल है। सोमवार की सुबह जब घटना की जानकारी फैली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश भी देखा जा रहा है।

## चंदौली समाचार

### गुरैनी पंप कैनाल के पास गंगा कटान-रोधी कार्यों का डीएम ने लिया जायजा

**चंदौली।** गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में हो रहे भू-कटान को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने सोमवार को गुरैनी पंप कैनाल के पास गंगा तट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कटान-रोधी एवं तट सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गुरैनी पंप कैनाल के समीप गंगा नदी से हो रहे कटान की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं से चल रहे सुरक्षात्मक कार्यों की तकनीकी जानकारी ली और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि मानसून को देखते हुए तटीय सुरक्षा के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गाजीपुर समाचार

### जौनपुर में सड़क निर्माण में लगे खानपुर के मजदूर की मौत



**खानपुर।** थाना क्षेत्र के जमीन संदल गांव निवासी मजदूर मखंचू बिंद (40) की जौनपुर में सड़क निर्माण कार्य के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से रविवार की रात मौत हो गई। सोमवार को शव पैतृक गांव पहुंचते ही परिजन बिलख पड़े।

जमीन संदल निवासी कतर बिंद ने बताया कि पुत्र मखंचू बिंद जौनपुर जनपद के केराकत क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के तहत बन रही पिच सड़क पर मजदूरी कर रहे थे। शाम करीब पांच बजे कार्य के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथियों और ठेकेदार ने उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय जौनपुर रेफर कर दिया। बताया कि जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को शव गांव पहुंते ही पत्नी सुखिया देवी, चार बेटियां सुनीता, करैली, आशा व उषा और पिता कतर बिंद के बिलखने से दरवाजे पर ग्रामीणों की भीड़ गई। ग्रामीणों ने बताया कि मखंचू बिंद मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे।

## आजमगढ़ समाचार

### चारपाई पर बैठकर डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं, बच्चों से की बात

**लाटघाट।** भीमली का पूरवा, त्रिलोकी का पूरवा और मुरारी का पूरवा के 18 घर 2019 में कटान में बह गए थे, लेकिन उन परिवारों के बिजली कनेक्शन अभी तक बंद नहीं किए गए हैं। लगातार बिजली बिल जारी हो रहे हैं। यह बातें ग्रामीणों ने डीएम रविंद्र कुमार द्वारा सोमवार को बाढ़ प्रभावित गांवों के दौरे के दौरान कहीं। जिलाधिकारी सबसे पहले देवारा खास राजा और गांगेपुर गांव पहुंचे। उन्होंने सरयू नदी के किनारे सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव भी लिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को लेकर पूरी तरह सतर्क है। पूरे देवारा क्षेत्र के 134 गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं, जिनमें 78 गांव आबाद हैं।

## मीरजापुर समाचार

### जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत योजना, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए



तथा सभी योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं, उपकरणों तथा चिकित्सकीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड निरीक्षण कर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आई0पी0डी0 की समीक्षा के दौरान संतोषजनक स्थिति न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियो को निर्देशित किया कि सी0एच0 सी0, पी0एच0सी0 में आने वाले मरीजो का बेहतर उपचार करे एवं गम्भीर मरीजो भर्ती को करते हुए उनका समुचित उपचार किया जाए। टी0वी0 की समीक्षा के दौरान ने जिलाधिकारी प्रभारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मानिटरिंग करते हुए समुचित उपचार करवाए ताकि जनपद को टी0वी0 मुक्त किया जा सकें।

## प्रयागराज समाचार

### 5.5 क्विंटल फलों से हनुमान जी का श्रृंगार



**प्रयागराज।** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर संगम नगरी बजरंगबली की भक्ति में लीन रही। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भोर से ही दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। संगम तट स्थित सुप्रसिद्ध श्री बड़े हनुमान मंदिर (लेटे हनुमान जी) में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। प्रातःकाल महंत बलबीर गिरी ने विधि-विधान से पंच द्रव्य से बजरंगबली का अभिषेक और स्नान कराया। इसके उपरांत लगभग 5.5 क्विंटल फलों से भगवान का दिव्य और आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस श्रृंगार में डेढ़ क्विंटल आम, ढाई क्विंटल सेब, एक क्विंटल संतरा, एक क्विंटल अनार तथा पचास दर्जन केले सहित विभिन्न प्रकार के फलों का उपयोग हुआ। मंदिर परिसर को सुगंधित देसी और विदेशी फूलों से भी भव्य रूप से सजाया गया था। विशेष श्रृंगार के उपरांत महंत बलबीर गिरी ने बजरंगबली की विशेष आरती संपन्न कराई। इसके बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए, जहां हजारों भक्तों ने बजरंगबली के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड के सामूहिक पाठ से आध्यात्मिक वातावरण और अधिक भक्तिमय हो गया। महाआरती के बाद संकटमोचन को 56 भोग अर्पित करने की भी तैयारी की गई। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, हलवा, बूंदी और शीतल शर्बत का प्रसाद वितरित किया जा रहा था। भीषण गर्मी के बावजूद, आस्था का उत्साह चरम पर रहा और पूरा प्रयागराज 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

## मऊ समाचार

### दोस्त की बरात से लौट रहे युवकों की बाइक में कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल



**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के सिकटिया ओवरब्रिज के पास स्थित हनुमान मंदिर के सामने सोमवार की रात 10 बजे तेज रफ्तार कार ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में हेमंत कुमार (24) की मौत हो गई, जबकि गुलशन यादव (23) और चंदन कुमार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को जिला अस्पताल भेजवाया। हेमंत के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कार नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की है। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के इटौरा चौबेपुर निवासी हेमंत कुमार, चंदन कुमार और आजमगढ़ जिले के जहानागंज थाना क्षेत्र के अमदई गांव निवासी गुलशन यादव एक ही बाइक से अपने दोस्त की बरात में रतनपुरा गए थे। वहां से लौटते समय रात 10 बजे वे सिकटिया ओवरब्रिज के पास स्थित मंदिर के सामने पहुंचे थे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार आर्टिगा कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया। जांच के बाद डॉक्टर ने हेमंत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में आर्टिगा कार द्वारा बाइक में टक्कर मारकर भागते हुए दिखाई देने की बात सामने आई। हेमंत के पिता हरिबचन की दोनों किडनी खराब हैं और वे बीते छह माह से बिस्तर पर हैं। हेमंत तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटे थे तथा बीच वाले भाई के साथ मुंबई में रहकर काम करते थे। चार दिन पहले ही वह घर आए थे। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. प्रदीप यादव ने बताया कि गुलशन यादव को घायल अवस्था में भर्ती किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया। हेमंत कुमार को अस्पताल मृत अवस्था में लाया गया था, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पता चला कि अनियंत्रित आर्टिगा कार ने सामने से बाइक में टक्कर मारी है। नंबर के आधार पर उसकी जांच की जा रही है।

## लाइफ मंत्र

### कैसे शिव के आशीर्वाद से उदय हुआ माहेश्वरी समाज? जानें पौराणिक कथा

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को देशभर में महेश नवमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह दिन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि माहेश्वरी समाज के लिए यह उनकी उत्पत्ति और गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। वर्ष 2026 में यह पावन पर्व 23 जून को मनाया जा रहा है। मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती की असीम कृपा से माहेश्वरी समाज का उदय हुआ था।

**महेश नवमी पर सिर्फ एक पाठ से दूर होंगे जन्म-जन्मांतर के पाप**

**महेश नवमी पर विशेष पूजा का फल**

महेश नवमी के दिन भगवान शिव का रुद्राभिषेक, शिव चालीसा का पाठ और दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। श्रद्धालु इस दिन महादेव और माता पार्वती से सुख-समृद्धि और सफलता की कामना करते हैं।



**महेश नवमी कथा**

प्राचीन काल में खडगलसेन नामक एक राजा थे, उनसे उनकी प्रजा बहुत प्रसन्न थी। राजा खडगलसेन धार्मिक प्रवृति के व्यक्ति थे। वे अपनी प्रजा की भलाई के लिए हर संभव काम करते, जिससे वह सुखी और संतुष्ट रहे। उनके पास संसार का हर सुख था केवल संतान सुख से वंचित थे। जिस कारण वे बहुत दुखी रहते थे। राजा ने पुत्र प्राप्ति की इच्छा से कामेष्टि यज्ञ का आयोजन करवाया। इस यज्ञ में संत-महात्माओं ने राजा को वीर और पराक्रमी पुत्र होने का आशीर्वाद दिया।

साथ में भविष्यवाणी करी कि पुत्र पैदा होने के बाद 20 सालों तक उसे उत्तर दिशा की यात्रा न करने दी जाए। भूलवश भी वो उत्तर दिशा का रुख न करें। राजा ने उनकी बात को सहर्ष स्वीकार कर लिया। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार राजा को पिता बनने का सुख प्राप्त हुआ। राजा के यहां पुत्र का जन्म हुआ, धूमधाम से उसका नामकरण संस्कार करवाया गया। पुत्र का नाम सुजान कंवर रखा गया। सुजान कंवर वीर, तेजस्वी और समस्त विद्याओं से निपुण था। कुछ समय पश्चात नगर में जैन मुनि का आगमन हुआ, सुजान कंवर उनके सत्संग से बहुत प्रभावित हुए। जिसके बाद उन्होंने जैन धर्म की शिक्षा ग्रहण कर और जगह-जगह धर्म का प्रचार-प्रसार करने लगे। जिससे धीरे-धीरे राज्य के लोगों की जैन धर्म में आस्था बढ़ने लगी। कहा जाता है कि एक दिन राजकुमार सुजान कंवर शिकार खेलने के लिए जंगल में गए, इस दौरान वो उत्तर दिशा की ओर निकलने लगे। सैनिकों के मना करने के बावजूद वह रुके नहीं। उत्तर दिशा में सूर्य कुंड के पास ऋषि-मुनि यज्ञ कर रहे थे। जिसे देखकर राजकुमार अत्यंत क्रोधित हुए और बोले- 'मुझे अंधेरे में रखकर उत्तर दिशा में नहीं आने दिया गया' और उन्होंने सभी सैनिकों के द्वारा यज्ञ में विघ्न उत्पन्न करवाया। ऋषियों ने उनके इस कर्म से क्रोधित होकर उन सभी को श्राप दे दिया और वे सब पत्थर बन गए। जब राजा ने यह समाचार सुना तो उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए और उनकी सभी रानियां भी सती हो गईं।

राजकुमार सुजान की पत्नी चंद्रावती ने हार नहीं मानी। वह सभी सैनिकों की पत्नियों को लेकर ऋषियों के पास गयी और उनसे क्षमा-याचना करने लगी। ऋषियों ने कहा कि हमारा श्राप विफल नहीं हो सकता। उपाय के तौर पर भगवान महेश और माता पार्वती की आराधना करो। हो सकता है वो तुम सब पर प्रसन्न होकर तुम्हारी कोई मदद कर दें। चन्द्रावती और सैनिकों की पत्नियों ने श्रद्धा के साथ भगवान महेश और देवी पार्वती की आराधना करी और उनसे अखंड सौभाग्यवती और पुत्रवती होने का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद सभी ने चन्द्रावती के साथ मिलकर अपने-अपने सुहाग को जीवित करने की प्रार्थना करी। भगवान महेश ने चन्द्रावती और सैनिकों की पत्नियों की पूजा से प्रसन्न होकर उनके सुहाग को जीवनदान दे दिया। मान्यता है कि भोलेनाथ की आज्ञा से इस समाज के पूर्वजों ने क्षत्रिय कर्म छोड़कर वैश्य धर्म को अपना लिया। इसलिए इस समाज को 'माहेश्वरी समाज' के नाम से जाना जाने लगा।

**महेश नवमी व्रत कथा**

बहुत प्राचीन समय की बात है, जब पृथ्वी पर अधर्म और अन्याय बढ़ चला था। दैत्यों का आतंक चारों दिशाओं में फैल चुका था और साधु-संत, ब्राह्मण तथा धर्मात्मा लोग भयभीत होकर वनों में छिपने को विवश हो गए थे। यज्ञ, पूजा और सत्य का मार्ग जैसे विलुप्त होने लगा था। तब सभी देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की और उन्होंने कहा, 'इस संकट से मुक्ति का उपाय केवल एक ही है महादेव शिव की कृपा।' देवताओं ने कैलाश पर्वत पर जाकर भगवान शिव से निवेदन किया। शिव मुस्कुराए और बोले, 'जब मानव स्वयं धर्म का दीप जलाना चाहता है, तभी उसे मैं अपने तेज का अंश देता हूं। चलो, आज एक नई परंपरा का बीज बोया जाए जो आने वाले युगों में धर्म का संरक्षक बनेगा।' उस दिन ज्येष्ठ शुक्ल नवमी तिथि थी। महादेव ने अपनी भार्या पार्वती संग आराधना की और अपने गले से एक दिव्य हार उतारकर पृथ्वी पर फेंका। वह हार वहां गिरा जहां एक साधारण लकड़हारा परिवार निवास करता था। जैसे ही हार भूमि से टकराया, वहां एक दिव्य प्रकाश उत्पन्न हुआ और उस लकड़हारे दंपत्ति को भगवान शिव का साक्षात्कार हुआ। महादेव बोले, 'हे भक्तों, तुम मेरे 'महेश' नामक रूप के रक्षक बनो। आज से तुम मेरे नवम स्वरूप की सेवा करोगे। धर्म की रक्षा, समाज में समानता और सत्य के प्रचार का संकल्प लो।' वह दिन 'महेश नवमी' के रूप में जाना गया। लकड़हारा दंपत्ति ने अपनी जीवन दिशा बदल दी। उन्होंने समाज में धर्म, सेवा और समानता का संदेश फैलाया। उन्होंने न सिर्फ देवता की आराधना की, बल्कि लोगों को भी कर्म, न्याय और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखने का मार्ग दिखाया। धीरे-धीरे उनके अनुयायी बढ़ते गए और एक संपूर्ण समुदाय बना, जिसे आगे चलकर 'माहेश्वरी समाज' कहा गया।

# AC की Cooling का Secret Revealed! इन गलतियों से बंद होते ही कमरा सोख लेता है सारी ठंडक



गर्मी में AC बंद करते ही कमरा गर्म हो जाता है तो यह AC की खराबी नहीं, बल्कि कुछ आम गलतियां हैं। दरवाजों-खिड़कियों के गैप सील करने, मोटे पर्दों का इस्तेमाल करने और समय पर फिल्टर साफ करने से कूलिंग लंबे समय तक बनी रहती है, जिससे बिजली की भी बचत होती है। गर्मियों के मौसम में सभी के घरों में एसी जरुर चलाई जा रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए एसी ही सबसे बेहतरीन विकल्प होता है, लेकिन कई बार होता है कि दिनभर एसी चलती हैं और जैसे ही बंद होती है, वैसे ही कमरा गर्म हो जाता है। इस तरह की दिक्कत हर किसी के साथ जरुर होती है। ऐसे में जब कमरा गर्म हो जाता है, तो फिर तुरंत एसी ऑन करना पड़ता है। ऐसा करने से बिजली का बिल भी बढ़ जाता है। ऐसे में कई लोगों को लगता है कि एसी में ही खराबी है। असल में ऐसा कुछ नहीं बल्कि हमारी कुछ गलतियों के कारण कमरा ठंडा नहीं रह पाता। इस लेख में हम आपको इन्हीं गलतियों के बारे में बताएंगे। जिनको आप जरुर सुधारें।

**दरवाजे और खिड़कियों में स्पेस होना जरुरी है**

खासतौर पर इंडियन घरों में खिड़कियों और दरवाजों के किनारों पर छोटी-छोटी दरारें होती हैं, या फिर खाली जगह होती है। ऐसे में जब हम एसी चलाते हैं तो उसकी ठंडी हवा इन्हीं रास्तों से बाहर निकलती रहती है और बाहर की गर्म हवा अंदर आती है। यदि आपके कमरे में भी ऐसा होता है, तो रबर सील, फोम स्ट्रिप या डोर सील का इस्तेमाल करके उन जगहों को भर सकते हैं।

**पर्दों का इस्तेमाल जरुर करें**

यदि आपके रुम में सीधे तौर पर धूप आती है तो भी कमरा ज्यादा गर्म नहीं होता है। खासतौर पर दोपहर के समय खिड़कियों से आने वाली धूप कमरे का टेंपरेचर बढ़ा देती है। ऐसे में जब आप एसी को बंद करती हैं, तो कमरा फिर से गर्म होने लगता है। अगर आप चाहती हैं, तो AC बंद होने के बाद भी रुम में ठंडक बनीं रहे, तो मोटे पर्दे, ब्लैकआउट कर्टेन या हीट रिफ्लेक्ट करने वाले पर्दों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**AC का फिल्टर समय पर साफ न करना**

कई बार गंदा फिल्टर होने से भी एसी ठीक से कूलिंग नहीं करता है। गौरतलब है कि जब फिल्टर में धूल जमा होगी, तो हवा का फ्लो कम हो जाता है और कमरा ठीक से ठंडा नहीं होता है। इसलिए गर्मियों में कम से कम हर 15 से 30 दिन में फिल्टर साफ जरुर करें।

**कमरे को ज्यादा देर तक ठंडा रखने के लिए ये टिप्स अपनाएं**

- हमेशा एसी को 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच चलाएं।
- साथ ही सीलिंग फैन को स्लों चलाएं ताकि एसी की ठंडक पूरे कमरे में रहे।
- दिन के समय खिड़कियों को बंद रखें।
- कमरे में बहुत ज्यादा सामान न रखें।
- समय-समय पर एसी की सर्विसिंग कराते रहे हैं।



# क्या बच्चों का दिमाग कमजोर कर रहा है AI ? जानिए किस देश ने एआई पर लगाया बैन, भारत के लिए बड़ा सबक

**नॉर्वे ने स्कूली बच्चों के लिए जनरेटिव AI के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर एक सख्त कदम उठाया है, जिसका उद्देश्य बच्चों की बुनियादी सीखने की क्षमता को बचाना है। यह फैसला 13 साल तक के छात्रों पर लागू होगा और शिक्षा में तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर एक वैश्विक बहस को जन्म दे रहा है।**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आने से कई काम बेहद आसान हो चुके है। आज के समय एआई के जरिए कई कार्य किए जा रहे हैं। पढ़ाई से लेकर हर समस्या का हल लोग एआई से पूछ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, स्कूल, कॉलेज और ऑफिस में एआई को यूज हो रहा है। अब ये सवाल उठता है कि क्या AI बच्चों की पढ़ाई को आसान बना रहा है या उनकी सीखने की क्षमता को कमजोर कर रहा है। दुनियाभर में इस बहस पर चर्चा हो रही है, लेकिन इस बीच नॉर्वे ने एक ऐसा फैसला लिया है जिसने शिक्षा और तकनीक की दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस देश ने पहली बार स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए जनरेटिव AI टूल्स के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है।

हालिए में नॉर्वे की सरकार ने घोषणा की है कि पहली से सातवीं कक्षा तक के छात्रों को स्कूलों में जनरेटिव AI टूल्स की पहुंच नहीं दी जाएगी। लेकिन इस आयु वर्ग में 13 साल तक के बच्चे शामिल हो सकते हैं। नया नियम इसी साल सितंबर में लागू होगा।

गौरतलब है कि यह फैलसा तब आया जब दुनिया के कई देश बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सख्त रुख अपना रहे हैं। बता दें कि, इससे पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगा रहे हैं या कड़े नियम लागू कर रहे हैं।

**आखिर AI पर बैन लगाने की जरूरत क्यों पड़ी?**

- नॉर्वे सरकार का मानना है कि बच्चों की बुनियादी लर्निंग की क्षमता को बचाना बेहद जरुरी है। सरकार इस बात से इनकार नहीं करती कि कुछ खास मामलों में एआई पढ़ाई में मददगार साबित हो सकता है, लेकिन शुरुआती कक्षाओं में बच्चों को इसके बिना ही पढ़ना, लिखना और गणित के सवाल हल करना सीखना चाहिए।

- कई रिसर्च में पता चला है कि यदि बच्चे स्कूल में एआई का आंख बंद करके इस्तेमाल करेंगे, तो वे सीखने के महत्वपूर्ण चरणों में अलग हो जाएंगे। इसके साथ ही छोटे बच्चों में इतनी समझ या आलोचनात्मक सोच विकसित नहीं होती कि वे इन एडवांस टूल्स का जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल कर सकते हैं।

**बड़े बच्चों के लिए लागू हो सकती हैं ये शर्तें**


-नॉर्व सरकार का यह नियम सिर्फ 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सख्त है, हालांकि यह नहीं बड़े छात्रों को पूरी छूट दी जाएगी। 13 साल से अधिक उम्र के बच्चे एआई टूल्स का इस्तेमाल कर पाएंगे, लेकिन उनके प्रयोग पर स्कूल प्रशासन की कड़ी निगाह रहने वाली है। इसके अलावा, शिक्षकों को भी एआई के सही और संतुलित इस्तेमाल को लेकर स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी जिससे वे बच्चों को सही मार्गदर्शन करा पाएंगे।

-पहले से भी नॉर्वे के स्कूलों में मोबाइल फोन ले जाना पाबंदी लगी हुई है। इसके बाद एआई पर भी बैन लग चुका है। वहां की सरकार 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया को भी पूरी तरह बंद करने की योजना बना रही है।

**कनाडा भी ऐसा एक्शन ले सकता है**

अब खबर आ रहे है कि नॉर्व की तर्ज पर अन्य देश भी कड़े एक्शन ले सकते हैं। कनाडा भी बच्चों के लिए सोशल मीडिया और एआई चैटबॉट्स पर कड़ा प्रतिबंध लगा सकता है। इसको लेकर कनाडा की सरकार जल्द ही कानून लेकर आ सकती है।

# नया लैपटॉप लेने के बाद सबसे पहले क्या करें? जानिए एक्सपर्ट्स की जरूरी सलाह



नया लैपटॉप खरीदने के बाद सबसे पहला काम Windows अपडेट्स की जांच करना होना चाहिए। कई बार डिवाइस फैक्ट्री से निकलने के बाद लंबे समय तक स्टोर में रखी रहती है, जिससे उसमें पुराने सॉफ्टवेयर और सुरक्षा पैच मौजूद होते हैं। सेटिंग्स में जाकर Windows Update सेक्शन खोलें और उपलब्ध सभी अपडेट डाउनलोड करें। नया लैपटॉप खरीदना किसी भी यूजर के लिए उत्साह से भरा अनुभव होता है। चमकदार स्क्रीन, तेज प्रोसेसर और बिल्कुल नया ऑपरेटिंग सिस्टम इस्तेमाल करने का मजा ही अलग होता है। लेकिन केवल लैपटॉप चालू कर लेना ही पर्याप्त नहीं है। शुरुआत में कुछ महत्वपूर्ण सेटिंग्स और ऑप्टिमाइजेशन करने से सिस्टम की परफॉर्मेंस बेहतर बनी रहती है, बैटरी की उम्र बढ़ती है और डाटा भी सुरक्षित रहता है। यदि इन शुरुआती कदमों को नजरअंदाज किया जाए, तो कुछ ही महीनों में लैपटॉप की स्पीड कम होने और बैटरी बैकअप घटने जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

**सबसे पहले अपडेट्स इंस्टॉल करना है जरूरी**

नया लैपटॉप खरीदने के बाद सबसे पहला काम Windows अपडेट्स की जांच करना होना चाहिए। कई बार डिवाइस फैक्ट्री से निकलने के बाद लंबे समय तक स्टोर में रखी रहती है, जिससे उसमें पुराने सॉफ्टवेयर और सुरक्षा पैच मौजूद होते हैं। सेटिंग्स में जाकर Windows Update सेक्शन खोलें और उपलब्ध सभी अपडेट डाउनलोड करें। जरूरत पड़ने पर सिस्टम को रीस्टार्ट करें और दोबारा अपडेट चेक करें। इससे सुरक्षा खामियां दूर होती हैं और सिस्टम अधिक स्थिर तरीके से काम करता है।

**प्राइवेसी सेटिंग्स की करें समीक्षा**

Windows में कई ऐसे फीचर्स सक्रिय रहते हैं जो उपयोगकर्ता की गतिविधियों से जुड़ा डाटा एकत्र करते हैं। बेहतर गोपनीयता के लिए Privacy & Security सेक्शन में जाकर अनावश्यक लोकेशन एक्सेस, विज्ञापन ट्रैकिंग और डाटा शेयरिंग विकल्पों को बंद किया जा सकता है। साथ ही Windows Security में जाकर यह सुनिश्चित करें कि Real-Time Protection सक्रिय हो, ताकि वायरस और मैलवेयर से सुरक्षा बनी रहे।

**गैर-जरूरी एप्स हटाकर सिस्टम को करें हल्का**

अधिकांश कंपनियां नए लैपटॉप में कई ट्रायल सॉफ्टवेयर, गेम्स और अतिरिक्त टूल्स पहले से इंस्टॉल करके देती हैं। ये एप्स स्टोरेज घेरते हैं और बैकग्राउंड में चलकर रैम तथा बैटरी की खपत बढ़ाते हैं। Settings > Apps > Installed Apps में जाकर ऐसे सभी अनावश्यक प्रोग्राम्स को अनइंस्टॉल कर देना चाहिए। इससे सिस्टम अधिक तेज और व्यवस्थित महसूस होगा।

**टचपैड और कीबोर्ड को बनाएं अपने अनुसार**

हर व्यक्ति का उपयोग करने का तरीका अलग होता है। इसलिए टचपैड की संवेदनशीलता, जेस्चर कंट्रोल और माउस पॉइंटर की स्पीड को अपनी जरूरत के अनुसार सेट करना चाहिए। Bluetooth & Devices सेक्शन में जाकर इन विकल्पों को आसानी से कस्टमाइज किया जा सकता है। सही सेटिंग्स काम करने की गति और सुविधा दोनों को बढ़ाती हैं।

**बैटरी बैकअप बढ़ाने के स्मार्ट उपाय**

लैपटॉप की बैटरी लंबे समय तक चले, इसके लिए Power & Battery सेटिंग्स पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सामान्य उपयोग के लिए Balanced या Best Energy Efficiency मोड चुनना बेहतर रहता है। इसके अलावा स्क्रीन ब्राइटनेस को आवश्यकता के अनुसार कम रखने से बैटरी बैकअप में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है। बैकग्राउंड में चलने वाले अनावश्यक एप्स को बंद करने से भी ऊर्जा की बचत होती है।

**सिस्टम परफॉर्मेंस को रखें हमेशा बेहतर**

indows में मौजूद Storage Sense या Memory Optimization फीचर को सक्रिय कर देना चाहिए। यह सिस्टम में जमा होने वाली अस्थायी फाइलों और जंक डाटा को स्वतः हटाता रहता है। इसके अलावा Advanced System Settings में जाकर Visual Effects को Performance Mode पर सेट करने से पुराने या मिड-रेंज लैपटॉप में भी बेहतर स्पीड मिल सकती है।

**डाटा सुरक्षा को दें प्राथमिकता**

आज के समय में साइबर सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। नए लैपटॉप में Windows Hello सेटअप करना एक अच्छा कदम है। इसके जरिए PIN, Fingerprint या Face Recognition का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही BitLocker या Device Encryption फीचर को चालू करने से लैपटॉप चोरी होने की स्थिति में भी निजी डाटा सुरक्षित रहता है।

**बैकअप और रिकवरी की तैयारी पहले ही करें**

किसी भी तकनीकी समस्या या सिस्टम क्रैश की स्थिति में बैकअप सबसे बड़ा सहारा साबित होता है। इसलिए शुरुआत में ही महत्वपूर्ण फाइलों और सिस्टम की बैकअप कॉपी किसी एक्सटर्नल हार्ड ड्राइव या क्लाउड स्टोरेज में सुरक्षित रखनी चाहिए। इसके साथ System Restore Point बनाना भी उपयोगी रहता है, जिससे जरूरत पड़ने पर सिस्टम को पहले की स्थिति में वापस लाया जा सकता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682





मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रात: 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only | Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170